हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 22 अक्टूबर 2025

11 भौड़ी स्कूल में हेड टीचर नहीं आने पर गेट पर जड़ा ताला



12 क्रशरों की डस्ट व पटाखों से वातावरण प्रदूषित






**खबर संक्षेप**

### रंजिश में फायर करने पर आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** आपसी मनमुटाव को लेकर रंजिश के चलते गांव मंडलाना में मकान पर और हवाई फायर करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान प्रीतम वासी मंडलाना के रूप में हुई। आरोपित से पूछताछ में पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। शिकायतकर्ता सचिन कुमार वासी मंडलाना ने दी शिकायत में बताया कि दो अक्टूबर की रात को वह अपने घर पर सो रहा था। मकान के गेट के सामने गोली चलने की आवाज सुनाई दी।

### हार्ट अटैक से सफाई कर्मी की मौत

**नारनौल।** गांव कलवाड़ी में शाम को करीब साढ़े पांच बजे एक सफाई कर्मी की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। मृतक करीब 62 साल का था और गांव में सफाई कर्मचारी लगा हुआ था। परिजनों ने बताया कि विजय सिंह को अचानक शाम के समय हार्ट अटैक आ गया। इस पर उसे नारनौल के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित करते हुए सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के बयान पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक अविवाहित था।

## क्रशरों पर चारदीवारी और पानी छिड़काव का नहीं प्रबंध, 10 किलोमीटर के दायरे तक पहुंचा डस्ट का प्रकोप

# क्रशरों की डस्ट व पटाखों से प्रदूषित वातावरण में घुटने लगा दम, दमा रोगियों की बढ़ी टेंशन

450 तक पहुंचा एक्यूआई, वायु गुणवत्ता खराब होने से बढ़ी मरीजों के लिए परेशानी

क्रशर जोन की वजह से 20 गांवों की आबादी प्रदूषित वातावरण में रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर



**निजामपुर।** धोलेड़ा क्रशर जोन में बिना चारदीवारी के संचालित क्रशर। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली समेत एनसीआर में पटाखों का प्रदूषण मुसीबत बना हुआ है। हवा में एक्यूआई की मात्रा 450 तक चिंताजनक बनी हुई है तथा सरकार ने ग्रैप-2 लागू कर दिया है। लेकिन नांगल चौधरी हलके में पटाखों का प्रदूषण बढ़ने के साथ ही क्रशरों की डस्ट का प्रकोप बना हुआ है। प्रदूषित वातावरण में लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया, इसके अलावा दमा मरीजों के लिए जानलेवा खतरा बढ़ गया है। बावजूद जिला प्रशासन अलर्ट नहीं हुआ, जिसका खामियाजा क्रशर जोन के आसपास एक लाख से अधिक ग्रामीण भुगत रहे हैं।

बता दें कि 20 साल पहले धोलेड़ा, बिगोपुर गांव के पास क्रशर जोन स्थापित किया गया था। क्रशरों को एनओसी रिलीज करने से पहले प्रशासन ने प्रदूषण के मानक पूरे करने, पौधारोपण, सुरक्षा के उपकरण, संबंधित गांवों के विकास में योगदान तथा कन्वेयर पर पानी छिड़काव करते हुए क्रशर चलाने का शपथ पत्र लिए थे। प्रदूषण, विकास तथा सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद पंचायतों ने एनओसी रिलीज कर दी। लेकिन क्रशर पर पिसाई का काम शुरू होते ही संचालकों ने शपथ पत्रों की शर्त को भुला दिया। पत्थर पिसाई के दौरान अधिकांश क्रशर संचालक कन्वेयर पर पानी का छिड़काव नहीं करते। मशीनों के पंखों की हवा से उड़ी हुई धूल आसपास के गांवों तक पहुंचनी आरंभ हो गई। धोलेड़ा, बिगोपुर, मेघोत बींजा, खातोली जाट, खातोली अहीर, बखरीजा समेत लगभग 20 गांवों की आबादी प्रदूषित वातावरण में सांस लेने को मजबूर है। डस्ट के प्रभाव से गांवों में टीबी, आंख, अस्थमा, एलर्जी जैसी गंभीर बीमारी फैलनी आरंभ हो गई।

अब दीपावली के अवसर पर विभिन्न क्षेत्र में जमकर आतिशबाजी हुई है जिस कारण वातावरण में प्रदूषण की मात्रा 450 एक्यूआइ तक पहुंच गई। दिल्ली समेत एनसीआर में वायु की गुणवत्ता खराब होने पर सरकार ने ग्रैप-टू नियम लागू कर दिए। इसके अंतर्गत पराली जलाने, खनन कार्य तथा उद्योग इकाइयों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। विभागीय आदेशों की अवहेलना करने पर जुर्माना और कानून कार्रवाई करने की हिदायत है, जिससे वायु की गुणवत्ता में जल्द ही सुधार होने की उम्मीद है।

**डस्ट के जमाव से पौधों पर असर**

कृषि विभाग के बीएओ डॉ. हरीश यादव ने बताया कि क्रशर जोन के आसपास खेतों में पौधों पर डस्ट जमी हुई है। जिसके प्रभाव से पौधे की ग्रोथ रुक गई और जल्द ही बारिश या पानी का छिड़काव नहीं हुआ तो फसल नष्ट भी हो सकती है। पत्थर की डस्ट वजनदार तथा नुकीली होती है, जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है।

**सिलिकोसिस और दमा बीमारी पनपने का खतरा**

नांगल चौधरी सीएचसी के एसएमओ डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि क्रशरों की डस्ट बारीक होने के कारण अत्यंत हानिकारक होती है। फेफड़ों में जमाव होने पर सिलिकोसिस जैसी जानलेवा बीमारी संभव है। प्रदूषित वातावरण में दमा के रोगियों को पूरी आक्सीजन नहीं मिल पाती, जिससे पीड़ित को जानलेवा खतरा उत्पन्न हो सकता है। दीपावली के आसपास हवा में प्रदूषण बढ़ जाता है, बचाव के लिए मास्क का इस्तेमाल करें तथा कचरा नहीं जलाएं।

**क्रशर जोन का जल्द करेंगे निरीक्षण**

प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एसडीओ अनुज नारवाल ने बताया कि वातावरण में प्रदूषण बढ़ने पर सरकार ने ग्रैप-2 लगा दिया है। ग्रैप-3 लागू होने पर क्रशर तथा माइंस चलाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि दीपावली पर आतिशबाजी होने से वायु की गुणवत्ता खराब हो गई है। संचालकों को निर्धारित मापदंडानुसार क्रशर चलाने की हिदायत है। जल्द ही औचक छापेमारी करके मापदंडों का निरीक्षण किया जाएगा।

## माय भारत केन्द्र की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

**नारनौल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार माय भारत केन्द्र की ओर से राजकीय माध्यमिक विधालय घाटासेर खेल मैदान में शहीद संजय ग्रामीण विकास समिति के सहयोग से दो दिवसीय ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। माय भारत केन्द्र के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता में घाटासेर की टीम प्रथम व धनचौली की टीम द्वितीय रही। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में प्रथम प्रीति व द्वितीय साक्षी रही। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम नेहा व द्वितीय प्रिया रही। लॉन्ग जंप में प्रथम साक्षी व प्रीति द्वितीय रही।

वॉलीबाल लड़के में छिलरों की टीम प्रथम व धानोता की टीम द्वितीय, लॉन्ग जंप में दिनेश प्रथम व देवेन्द्र द्वितीय, 400 मीटर में राहुल प्रथम व द्वितीय पवन कुमार, गोला फैक में तनुज प्रथम व जतिन द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में मोहित प्रथम व हर्ष द्वितीय रहे। खो-खो लड़कियों की 8 टीमों ने भाग लिया व वालीबाल में लड़कों की 13 टीमों की विभिन्न गावों की टीमों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का प्रबन्ध मुकेश कुमार कोच के द्वारा किया गया। लेखाकार महेन्द्र सिंह ने कहा इन प्रतियोगिताओं से ग्रामीण अचंल में छुपी हुए खिलाड़ियों को तलाश कर उन्हें आगे लाना है, ऐसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा तो आमजन में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगिता में निर्णनायक मण्डल की भुमिका मुकेश, धमेन्द्र कोच, मनोज, देवेन्द्र, अंकुश ने निभाई। इस मौके पर रतिराम पहलवान, सूबेदार महेन्द्र, सुमेर, पुथ्वी सिंह, भुपेन्द्र सिंह, अशोक, योगेश मास्टर, बलवीर, रत्न सिंह, सुरेन्द्र, बलवन्त, रविन्द्र, सुमेर, सतवीर, राजपाल, मनोज व संजय आदि मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाई दिवाली, बाजार में रौनक छाई

- पटाखे बैन होने के बावजूद भी रात्रि को लोगों ने जमकर आतिशबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** लक्ष्मी पूजन करते परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शहर में रोशनी व खुशियों का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में त्योहार को लेकर उत्साह देखा गया। बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही। मिठाइयों, सजावटी सामान, उपहार और कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। शाम सात बजे के बाद पूरा शहर दीपों व रंगीन झालरों की जगमग रोशनी से नहा उठा। इसके अलावा पटाखे बैन होने के बावजूद भी रात्रि को लोगों ने जमकर आतिशबाजी की गई। लोगों द्वारा रात्रि के एक बजे तक आतिशबाजी करते नजर आए। इसके अलावा पालिका की ओर से द्वारा शहर के राव तुलाराम चौक, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, बालाजी चौक, आजाद चौक, आंबेडकर चौक, माता मसानी चौक जैसे मुख्य बाजारों को भी विशेष रूप से सजाया गया था। हर घर और प्रतिष्ठान को रंगीन लाइटों व दीपकों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान परिवार के सभी सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में एकत्र हुए और विधिवत लक्ष्मी पूजन संपन्न किया।

पूजन के बाद घर-घर दीपक जलाए गए, जिनकी मद्धम लौ ने पूरे वातावरण को दिव्य बना दिया। बच्चों व युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। देर रात तक पटाखों की गूंज व दीपों की रोशनी से शहर का हर कोना जगमगाता रहा। देर शाम को विधि-विधान से लक्ष्मी पूजन किया गया।

**उपहार बांटे**

दीपावली के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप और ट्विटर पर भी शुभकामना संदेशों का खूब आदान-प्रदान हुआ। शाम ढलते ही पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठा। अधिकांश लोगों ने घरों में मिट्टी के दीये और मोमबत्तियां जलाई। हालांकि चाइनीज झालरों और बल्बों का भी उपयोग किया गया। पूजन के बाद लोगों ने गली-मोहल्लों में मिठाइयां व उपहार बांटे। बच्चों, युवाओं और बड़ों ने मिलकर चकरी, लड़ी, अनार, सुतली बम, मुर्गा झाप, पेंसिल और रॉकेट जैसे विभिन्न प्रकार के पटाखे फोड़े। बच्चे व युवा रंग-बिरंगी पोशाक पहनकर त्योहार का आनंद लेते दिखे। नगर पालिका ने भी दीपावली पर विशेष लाइटिंग और सजावट की व्यवस्था की थी। कई सामाजिक संस्थाओं ने जरूरतमंदों को मिठाइयां व कपड़े वितरित किए।

## दीपावली पर बाजारों में गश्त करते रहे जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

क्षेत्र में दीपावली का त्योहार भाईचारे व शांतिपूर्वक मनाया गया। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना के समाचार नहीं हैं। इसके पीछे पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी तथा अधिकारियों की सतर्कता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा-निर्देशन में कनीना के डीएसपी दिनेश कुमार की ओर से शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक बंदोबस्त किया गया था। सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक संदीप हुड्डा व सदर थाना इंचार्ज सजन सिंह वशिष्ठ अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहे। पुलिस कर्मचारी भी शहर तथा गांव में गश्त करते रहे। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत के प्रयासों से आगजनी तथा बर्न केस की घटना घटित नहीं हो सकी। हालांकि दमकल केंद्र तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर थे। डीएसपी दिनेश कुमार ने आपराधिक तथा असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश जारी किए गए थे। दूसरी ओर नगर पालिका प्रशासन की ओर से स्वच्छता को लेकर लगातार प्रयास किए जो सही फलीभूत हुए। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने नगरवासियों को गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए जागरूक भी किया गया। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत गतिविधियां तेजी से चल रही हैं। नपा के सफाई कर्मचारी नगर को चकाचक करने के लिए जुटे हुए हैं।

## श्री विष्णु भगवान मंदिर में आज मनाएंगे अन्नकूट महोत्सव

बुधवार दोपहर 12 :15 बजे किया जाएगा प्रसाद वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां में जुटी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। इस शुभ अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और विविध धार्मिक आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। मंदिर प्रभारी शंकर ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। महोत्सव के मुख्य आयोजन के अंतर्गत बुधवार दोपहर 12:15 बजे भगवान श्री विष्णु को अन्नकूट के विविध व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के सम्मिलित होने की संभावना है।

इस दौरान संजय मित्तल, कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा, संजय जोशी, सुशील कुमार अग्रवाल, बाल मुकुंद, मक्खन लाल, डॉ. इंद्राज शर्मा, रामकिशन, पूर्व नपा प्रधान शकुंतला मित्तल, उर्मिला देवी, बिमला देवी, शशि बाला, सुमन गर्ग, रूपेश गर्ग, अजय, ललिता, अंजू देवी आदि उपस्थित रहे। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे समय पर आए और प्रसाद वितरण में सहभागी बनें।

## संत दुर्बलनाथ सत्संग भवन में अन्नकूट का प्रसाद किया वितरित

प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** मंदिर में प्रसाद वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहर के मोहल्ला नया खटीकान स्थित संत दुर्बलनाथ सत्संग भवन में मंगलवार को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। कमेटी सदस्यों ने सवा एक बजे ठाकुर जी महाराज को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन देखने को मिली। कमेटी प्रधान मनोज कुमार खन्ना ने बताया कि कमेटी की ओर से हर वर्ष दिवाली से अगले दिन श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया जाता है। अन्नकूट में प्रसाद में कढ़ी, चावल, बाजरा, मूंग, मूली व बैंगन की सब्जी शामिल रही।

उन्होंने बताया कि अन्नकूट दीपावली के बाद से बनना शुरू हो जाता है। जिसमें बाजरे की खिचड़ी, कढ़ी, मूंग और सीजन की सभी सब्जियों से एक मिक्स सब्जी तैयार की जाती है। कई लोग बाजरे की खिचड़ी में ही सीजन की हरी सब्जियां मिलाकर व्यंजन तैयार करते हैं। ये व्यंजन खाने में जितना महत्वपूर्ण होता है, शरीर के लिए भी उतना अच्छा होता है। इस मौके पार्षद प्रतिनिधि हरीराम खन्ना, मुकेश खन्ना, फकीरचंद, संदीप, दीप खन्ना, संजय, संदीप, कैलाश रतवाया, पार्षद सुरेन्द्र फौजी, धर्म खन्ना, कर्म खन्ना उपस्थत रहे।

## भूरा भवानी मंदिर कमेटी ने चलाया सफाई अभियान



**महेंद्रगढ़।** अन्नकूट की तैयारी करते हुए कमेटी सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गोवर्द्धन के दिन होने वाले अन्नकूट भंडारे की तैयारी को लेकर माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी सदस्यों ने सफाई की तथा मंदिर परिसर में लगे पौधों में खोदी लगाकर पानी डाला। मंदिर कमेटी प्रेस सचिव मुकेश चौहान व मंदिर कमेटी प्रधान संदीप यादव ने बताया कि जहां स्वच्छता होती है, वहां भगवान का निवास होता है और अपना मन आनंदित रहता है। महंत शक्तिनाथ महराज ने बताया कि 22 अक्तूबर को मंदिर में अन्नकूट का भंडारा होगा। जिसमें कड़ी, चावल, मूंग व मिक्स सब्जी बनाकर उनका प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस मौके पर महंत शक्तिनाथ महाराज, शिवकुमार, शेरसिंह, सुनील कुमार, टोनी, रवि कुमार, राधेश्याम, विनोद, धर्मदत शर्मा, माया, बिमला आदि मौजूद थे।

## 31 अक्टूबर के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

# वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होगी रन फॉर यूनिटी

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने सभी डीसी के साथ वीसी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** रन फॉर यूनिटी को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय एकता के प्रतीक और आधुनिक भारत के निर्माता लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसी कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने राज्य के सभी डीसी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की।

वीसी के बाद उपायुक्त ने एक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आगामी 31 अक्टूबर को होने वाले रन फॉर यूनिटी को जनभागीदारी के साथ मनाया जाए। इसमें सभी सामाजिक संगठन, शैक्षणिक संस्थाएं, विभिन्न क्लब तथा एनजीओ आदि की अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए।उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 अक्टूबर को सुबह सात से आठ बजे के बीच किया जाएगा। इसमें हजारों नागरिक एक साथ दौड़कर राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्थन जताएंगे। उपायुक्त ने बताया कि यह दौड़ आईटीआई मैदान से शुरू होगी। इसके बाद महावीर चौक, हीरो होंडा चौक व निजामपुर रोड होते हुए सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में संपन्न होगी।

**तिरंगा लेकर चलेंगे**

*इस दौरान जिला रेडक्रॉस समिति के वालंटियर हाथ में राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक तिरंगा झंडा लेकर चलेंगे। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण तथा जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।*

## गोवंश के लिए लगाई सवामणी

श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** गोवंश के लिए सवामणी तैयार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में मंगलवार को स्नेहपाल मुदगिल पुत्र रामकिशन मुदगिल सीहा वाले ने परिवार की सुख समृद्धि के लिए सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गोशाला धोलपोश के प्रधान रविन्द्र तिवाड़ी ने कहा कि गोसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार गोसेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गोसेवा करता है, वह अपने जीवन में कभी संकटों का सामना नहीं करता है। सच्चे मन से की गई गोसेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती, जहां गोमाता सुख चैन की सांस लेती है, वहां साक्षात रूप में देवता वास करते है। तिवाड़ी ने कहा कि गायों के मल मूत्र व गोबर से अनेक प्रकार की जीवन रक्षक दवाइयां बनाई जाती है, जो मनुष्य की बीमारी के दौरान उसकी रक्षा करती हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने घर में एक एक गाय पाले व उसकी सेवा करे।

इस मौके पर डॉ. मनोज शर्मा, अभिषेक शर्मा, नेहा, ध्रुविका, प्राणेश आदि उपस्थित थे।